दिन–रविवार दिनांक– 03 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा की चार सीटों पर उप चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज। राजनीतिक दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप जारी।

02. लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रदेश के विभिन्न नदी घाटों पर व्यवस्थाओं को दिया जा रहा है अंतिम रूप।

03. छठ पर्व को लेकर बिहार आने वाले यात्रियों के लिए रेलवे कई विशेष रेलगाड़ियों का कर रहा है परिचालन।

04. और, प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठंड में वृद्धि।

————————————————————————

विधानसभा की चार सीटों तरारी, इमामगंज, बेलागंज और रामगढ़ पर उप चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। चुनाव लड़ रहें विभिन्न उम्मीदवारों के समर्थन में उनके दल के नेता जोर–शोर से प्रचार कर रहे है। इस दौरान राजनीतिक दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप जारी है। एनडीए में घटक दलों की ओर से भाजपा, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और जनता दल युनाइटेड के नेता प्रचार कर रहे है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। वहीं, विपक्षी गठबंधन की ओर से राजद के सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने बेलागंज में प्रचार किया। जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर भी जन संपर्क अभियान में भाग ले रहे हैं और अपने उम्मीदवारों के समर्थन में सभाएं कर रहे हैं।

————————————————————————

बिहार विधान सभा की चार सीटों इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ निर्वाचन क्षेत्रों में तेरह नवंबर को वोट डाले जायेंगे । विधान सभा क्षेत्रों में उप चुनाव के तहत प्रोफाइल श्रृंखला में आज सुनते हैं गया जिले के इमामगंज सीट पर चुनावी माहौल के बारे में हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

राजनीतिक रुप से काफी चर्चित इमामगंज की सीट पर उपचुनाव का मुकाबला रोचक है। लोक सभा के लिए चुने जाने के बाद यह सीट पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने खाली की है। उन्होंने इस सीट पर अपनी पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के लिए अपनी पुत्रवधू दीपा कुमारी को चुनावी मुकाबले में उतारा है। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल ने उनके मुकाबले में रौशन कुमार माझी को चुनावी मैदान में उतारा है। अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित इस सीट पर पहले कई बार चुनाव जीत चुके उदय नारायण चौधरी को राजद ने मौका नहीं दिया है। वे 1990 के अलावा 2000, 2005 और 2010 में यहां से निर्वाचित हुए थे। पहली बार चुनाव लड़ रही प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज की साख दांव पर है। पार्टी ने यहां से समाजसेवी जितेंद्र पासवान को मौका दिया है। इस विधान सभा सीट का इतिहास देखें तो पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी यहां से 2015 और 2020 का पिछला चुनाव जीते थे। 1957 में अस्तित्व में आयी इस सीट पर सबसे अधिक जनता दल ने जीत हासिल की है। इस बार के चुनाव में लगभग तीन लाख वोटर नौ प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

————————————————————————————

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर विभिन्न नदी–घाटों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि छठ घाटों की साफ–सफाई और घाटों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाएं और आम लोग भी जुटे हुये हैं। छठ घाटों तक जाने वाले मार्गों को समतल करने के साथ बैरिकेटिंग भी की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में गंगा घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया है कि पटना स्मार्ट सिटी के एक सौ नब्बे से अधिक कैमरों से चौबीस छठ घाटों की निगरानी की जाएगी। वहीं, एकीकृत कमान और नियंत्रण केन्द्र से भी पल–पल की निगरानी रखी जाएगी। इधर, स्वच्छता का संदेश देने के लिए कई घाटों पर दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कल पटना के कंगन घाट पर और आज लॉ घाट पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया है। इधर, औरंगाबाद जिले की सूर्यनगरी देव में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध चार दिवसीय छठ मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि देव छठ मेले के अवसर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किये गए हैं।

————————————————————————————

रेलवे, त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाडियां चला रहा है। इनमें दरभंगा, बरौनी, पटना, कटरा, मुजफ्फरपुर, बलिया, कामाख्या और आज़मगढ़ के लिए विशेष ट्रेन शामिल हैं। आकाशवाणी से बातचीत में रेलवे बोर्ड के कार्यकारी

निदेशक प्रचार दिलीप कुमार ने बताया कि आज भी कई विशेष गाड़ियां चलाई जा रही हैं।

———बाईट———

आज रविवार के दिन कुल 186 विशेष गाड़ियां चलाई जा रही हैं, जो विशेष गाड़ियां हमारी चल रही हैं, वो नई दिल्ली, दिल्ली, आनंद विहार, अमृतसर, अहमदाबाद और दक्षिण के शहरों में कोयम्बटूर तथा बेंगलूरु और तिरूपति जैसे स्टेशनों से चलाई जा रही है और हर बड़े स्टेशन पर हम लोगों ने यात्रियों की सुविधाओं के लिए पैसेंजर्स एमेनिटीज से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराई है।

वहीं, छठ पूजा के लिए एक सौ पैंतालीस अतिरिक्त रेलगाडियां इस महीने की दो से आठ तारीख तक चलाई जा रही हैं। इस प्रकार प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्रियों के लिए रेल यात्रा सुगम बनाई जा रही है। रेलवे ने त्योहारों के दौरान एक अक्तूबर से तीस नवम्बर के बीच लगभग सात हजार विशेष रेलगाडियों की व्यवस्था की है। इस दौरान एक करोड से भी अधिक यात्रियों का आवागमन सुनिश्चित होगा। रेलवे प्रतिवर्ष त्योहारों के दौरान लाखों यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाडियों का परिचालन करता है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष दो हजार आठ सौ अधिक रेलगाडियां चलाई जा रही हैं।

————————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल में छठ पूजा के बाद यात्रियों की सुगम वापसी के लिए पचहत्तर जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने समस्तीपुर में बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए समस्तीपुर, दरभंगा और सहरसा सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों से दिल्ली और अमृतसर के साथ अन्य लंबी दूरी के मार्गों पर यह विशेष ट्रेन चलाई जाएगी।

————————————————————————

रेल पटरियों के किनारे स्थित तालाबों में छठ पूजा को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से दानापुर रेल मंडल ने विशेष कार्य योजना तैयार की है। दानापुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आधार राज ने बताया है कि मंडल के तहत तिहत्तर स्थानों पर पटरियों के किनारे छठ पूजा स्थानों को चिन्हित किया गया है।

———बाईट———

————————————————————————————————

राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य में बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर नीतीश सरकार की आलोचना की है। श्री यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रदेश में दिनों—दिन आपराधिक घटनाएं हो रही है, लेकिन सरकार इस पर काबू पाने में विफल साबित हो रही है।

———बाईट———

इधर, भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने तेजस्वी यादव के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें राजद के जंगलराज को नही भूलना चाहिए। श्री जायसवाल ने कहा कि एनडीए के शासन काल में अपराधियों को समुचित सजा मिल रही है।

———बाईट———

————————————————————————————————

भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली के दो दिन बाद मनाए जाने वाला यह ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है और बहनें अपने भाई की खुशहाली की कामना करती हैं। इधर, चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर कायस्थ समुदाय के लोगों ने विधि—विधान से चित्रगुप्त भगवान की पूजा—अर्चना की। इस मौके पर पटना सहित पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज की बधाई दी है।

————————————————————————————————

विश्व प्रसिद्ध बोध गया स्थित महाबोधि मंदिर में आज कठिन चीवर दान का आयोजन किया गया। तीन माह की कठोर तपस्या के बाद भिक्षु अपने मठ से बाहर निकलते हैं तो समारोहपूर्वक चीवर का दान दिया जाता है।

————————————————————————

राजगीर मे ग्यारह से बीस नवंबर तक आयोजित होने वाले महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप के प्रचार और खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार में निकाली जा रही गौरव यात्रा आज समस्तीपुर पहुंची। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, मेयर अनिता राम और भाजपा विधान पार्षद तरुण कुमार सहित अन्य ने गौरव यात्रा टीम का स्वागत किया। जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने इस मौके पर कहा कि राज्य में पहली बार हॉकी का अन्तर्राष्ट्रीय मैच राजगीर में हो रहा है जो गौरव की बात है।

———बाईट———

————————————————————————

जनसंघ के पूर्व नेता और भाजपा के संस्थापक सदस्य कैलाशपति मिश्र की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यालय में समारोह का आयोजन कर कैलाशपति मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। पत्रकारों से बातचीत में श्री जायसवाल ने कहा कि भाजपा को आज मजबूत स्थिति में पहुंचाने में कैलाशपति मिश्र का अहम योगदान रहा है।

———बाईट———

इधर, पटना के फुलवारीशरीफ स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रांगण में कैलाशपति मिश्र की आदमकद प्रतिमा पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगो ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

———————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में अधिकतम तापमान में गिरावट हुई है। इसके चलते सुबह और शाम ठंड का का असर देखा जा रहा है। पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, भागलपुर सहित कई जिलों में अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार आज रोहतास के डेहरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान सोलह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले पाँच दिनों के दौरान राज्य के तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही है।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा नेता निखिल आनन्द ने पटना जिला प्रशासन से बिहटा एयर फोर्स स्टेशन के पास स्थित सूर्य मंदिर घाट पर छठ पूजा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। श्री आनन्द ने कहा कि इस क्षेत्र में तेंदुआ देखा गया है, जिसे पकड़ने के लिए कारगर कदम उठाने की जरूरत है।

———————————————————————————

01. विधानसभा की चार सीटों पर उप चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज। राजनीतिक दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप जारी।

02. लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रदेश के विभिन्न नदी घाटों पर व्यवस्थाओं को दिया जा रहा है अंतिम रूप।

03. छठ पर्व को लेकर बिहार आने वाले यात्रियों के लिए रेलवे कई विशेष रेलगाड़ियों का कर रहा है परिचालन।

04. और, प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठंड में वृद्धि।

———————————————————————————

समाप्त